प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद खरीदे

# महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना बेहद जरूरी : मोदी

**आह्वान**

नई दिल्ली | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों द्वारा तैयार कुछ उत्पाद भी खरीदे। साथ ही देशवासियों से महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान में महिलाओं की अहम भूमिका का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि भारत को अपनी महिलाओं की तमाम उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अदम्य नारी शक्ति को सलाम करता हूं। देश की महिलाओं की तमाम उपलब्धियों पर भारत को गर्व होता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अदम्य नारी शक्ति को सलाम करता हूं। देश की महिलाओं की तमाम उपलब्धियों पर भारत को गर्व होता है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में काम करना हमारी सरकार के लिए सम्मान की बात है। – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## पीएम ने उत्पादों की खासियत भी बताई

तमिलनाडु की टोडा जनजाति के कारीगरों द्वारा बनाए गए कशीदाकारीयुक्त शॉल की खरीद पर उन्होंने कहा, तमिलनाडु की टोडा जनजाति के कारीगरों द्वारा बनाया गया उत्कृष्ट हस्त कशीदाकारीयुक्त शॉल अनुपम दिखा। मैंने एक ऐसा ही शॉल खरीदा। ट्राइब्स इंडिया इस उत्पाद की मार्केटिंग करता है। प्रधानमंत्री ने इन उत्पादों की तस्वीरें और उनकी विशेषताएं भी ट्वीट पर साझा कीं।

महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

उन्होंने तमिलनाडु की टोडा जनजाति की शिल्पकारों की शॉल, एक मोढ़ पेपर पेंटिंग, पारंपरिक नागा शॉल, असम का पारंपरिक गामुसा (गमछा),

निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल के इस फोल्डर का उपयोग करने जा रहा हूं। राज्य के जनजातीय समुदायों द्वारा बनाए गए, पश्चिम बंगाल के इस जूट उत्पाद को निश्चित रूप से आपके घरों में होना चाहिए।